**भारत सरकार**
**पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2781**
**बुधवार, 20 दिसंबर, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए**

## सी-बैंड राडार संस्थापित करना

† 2781. श्री बिद्युत बरन महतो:
श्रीमती लॉकेट चटर्जी:
श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:
श्री एस.सी.उदासी:
श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर:

क्या **पृथ्वी विज्ञान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश भर में, विशेष रूप से झारखंड, उत्तरी कर्नाटक और महाराष्ट्र के औरंगाबाद में डॉपलर मौसम राडार (डीडब्ल्यूआर) नेटवर्क के कार्यान्वयन का ब्यौरा क्या है;

(ख) सी-बैंड और एक्स बैंड राडार के बीच क्या अंतर है और सी और एक्स बैंड राडार प्रत्येक की कवरेज रेंज कितनी है;

(ग) एक्स बैंड डॉपलर मौसम राडार (डीब्ल्यूआर) के स्थान पर सी-बैंड राडार स्थापित करने के प्रस्ताव का क्या कारण है;

(घ) परियोजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और इस उद्देश्य के लिए चयनित स्थलों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ) देश के किसानों को मौसम की सटीक जानकारी प्रदान करने के लिए विभिन्न राज्यों में उपयुक्त स्थलों पर एक्स बैंड डॉपलर राडार स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा क्या नए कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**
पृथ्वी विज्ञान मंत्री
(श्री किरेन रीजीजू)

(क) वर्तमान में, विभिन्न स्थानों पर 39 डॉपलर मौसम रडार (डीब्ल्यूआर) स्थापित किए गए हैं और इन्हें देश भर में इनका वितरण अच्छी तरह से किया गया है। इनका विवरण अनुलग्नक-I में दिया गया है। वर्तमान में, उत्तरी कर्नाटक और झारखंड में कोई रडार नहीं है। कर्नाटक राज्य में मैंगलोर और बैंगलोर एवं झारखंड में रांची और महाराष्ट्र में औरंगाबाद में स्थापित किए जाने वाले DWR की खरीद प्रारंभ कर दी गई है।

(ख)- (ग) बेहतर प्रसार लक्षणों के कारण सी-बैंड रडार की रेंज (250 किमी) एक्स-बैंड रडार (100 किमी) से अधिक है। सी-बैंड रडार एंटेना एक्स-बैंड रडार एंटेना से बड़े होते हैं, इसलिए आमतौर पर इनमें अधिक निवेश की आवश्यकता होती है।

(घ)-(ङ) भारत के कई राज्यों में गंभीर मौसम की स्थिति की निगरानी के लिए इन डॉपलर मौसम राडार (डीब्ल्यूआर) के स्थानों का वितरण सर्वोत्तम संभव तरीके से किया गया है। वर्तमान नेटवर्क द्वारा कुछ क्षेत्र कवर नहीं किए गए हैं और इसलिए औरंगाबाद, पोर्ट ब्लेयर, रांची, अहमदाबाद, मैंगलोर, बालासोर, मालदा, अगात्ती, बैंगलोर, संबलपुर, रायपुर, आलो में स्थापित किए जाने वाले 12 अतिरिक्त सी-बैंड डीडब्ल्यूआर और पूर्वोत्तर क्षेत्र में गुवाहाटी, जोरहाट, तेजपुर, सिलचर, इम्फाल, आइजोल, दीमापुर, धुबरी, सेप्पा, मियाओ और पुणे, वाराणसी, कोलकाता, कोझीकोडे, भुवनेश्वर और पूर्णिया के शहरी क्षेत्रों में स्थापित किए जाने वाले 16 अतिरिक्त एक्स-बैंड डॉपलर मौसम राडार (डीब्ल्यूआर) की खरीद के लिए उपाय प्रारंभ कर दिए गए हैं।

**अनुलग्नक -1**

## स्थानों और राज्यों के नाम के साथ भारत भर में डीब्ल्यूआर नेटवर्क

| क्र.सं. | राज्य | स्टेशन का नाम | डीब्ल्यूआर टाइप |
|---|---|---|---|
| 1. | पश्चिम बंगाल | कोलकाता | एस-बैंड |
| 2. | आंध्र प्रदेश | मछलीपट्टनम | एस-बैंड |
| 3. | | विशाखापत्तनम | एस-बैंड |
| 4. | | हैदराबाद | एस-बैंड |
| 5. | | श्रीहरिकोटा (इसरो), | एस-बैंड |
| 6. | दिल्ली | पालम | एस-बैंड |
| 7. | | नई दिल्ली मुख्यालय | सी-बैंड (पोलरीमेट्रिक) |
| 8. | | आया नगर | एस-बैंड |
| 9. | महाराष्ट्र | नागपुर | एस-बैंड |
| 10. | | मुंबई | एस-बैंड |
| 11. | | मुंबई वेरावली | एस-बैंड |
| 12. | | सोलापुर | एस-बैंड |
| 13. | त्रिपुरा | अगरतला | एस-बैंड |
| 14. | बिहार | पटना | एस-बैंड |
| 15. | उत्तर  प्रदेश | लखनऊ | एस-बैंड |
| 16. | पंजाब | पटियाला | एस-बैंड |
| 17. | असम | मोहनबाड़ी | एस-बैंड |
| 18. | मध्य प्रदेश | भोपाल | एस-बैंड |
| 19. | ओडिशा | पारादीप | एस-बैंड |
| 20. | | गोपालपुर | एस-बैंड |
| 21. | तमिलनाडु | कराईकल | एस-बैंड |
| 22. | | चेन्नई एनआईओटी | एस-बैंड |
| 23. | | चेन्नई | एस-बैंड |
| 24. | गोवा | गोवा | एस-बैंड |
| 25. | गुजरात | भुज | एस-बैंड |
| 26. | राजस्थान | जयपुर | सी-बैंड (पोलरीमेट्रिक) |
| 27. | जम्मू एवं कश्मीर | श्रीनगर | एक्स-बैंड |
| 28. | | जम्मू | एक्स-बैंड |
| 29. | | बनिहाल टॉप | एक्स-बैंड |
| 30. | केरल | कोच्चि | एक्स-बैंड |
| 31. | | VSSCतिरुवनंतपुरम (इसरो) | एक्स-बैंड |
| 32. | उत्तराखंड | मुक्तेश्वर | एक्स-बैंड |
| 33. | | सुरकंडा देवी | एक्स-बैंड |
| 34. | | लैंसडाउन | एक्स-बैंड |
| 35. | लद्दाख | लेह | ट्रांस्पोर्टेबल एक्स-बैंड |
| 36. | हिमाचल प्रदेश | कुफरी | एक्स-बैंड |
| 37. | | जोत | एक्स-बैंड |
| 38. | | मुरारी देवी | एक्स-बैंड |
| 39. | मेघालय | चेरापूंजी (इसरो) | एक्स-बैंड |

*****